क्रमांक 4/1/2020–आर0यू0
हरियाणा सरकार
मुख्य सचिव कार्यालय
प्रशासकीय सुधार विभाग ।

सेवा में

दिनांक 22.01.2020
23

1. सभी प्रशासकीय सचिव, हरियाणा सरकार ।
2. सभी विभागाध्यक्ष हरियाणा राज्य में ।
3. सभी प्रबन्ध निदेशक/मुख्य प्रशासक, बोर्ड/निगम/संस्थान हरियाणा राज्य में।
4. सभी उपायुक्त हरियाणा राज्य में।

विषयः– **वर्ष 2020 को "सुशासन संकल्प वर्ष 2020" मनाने बारे तथा 25 दिसम्बर, 2020 को सुशासन दिवस पर उत्कृष्ट कर्मचारीयों/अधिकारियों को अवार्ड से सम्मानित करने हेतु कार्यवाही करने बारे।**

....

महोदय/महोदया,

मुझे निर्देश हुआ है कि मैं आपका ध्यान विषयोक्त मामले की ओर दिलाते हुए आपसे अनुरोध करूँ कि माननीय मुख्य मंत्री, हरियाणा द्वारा वर्ष 2020 को **"सुशासन संकल्प वर्ष 2020"** के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष के दौरान हरियाणा सरकार के प्रत्येक विभाग/बोर्ड/निगम/संगठन/संस्थान/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के अतिरिक्त हरियाणा के किसी भी गांव या शहर में स्थित कार्यालयों/विद्यालयों/अस्पताल/हैल्थ सैंटर आदि में सुशासन से सम्बन्धित सराहनीय नवीनकरण कार्य व नव जनहित कार्य करने तथा उत्तम लोक प्रशासनिक कार्य करने वाले उत्कृष्ट सरकारी एंव अर्ध–सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों को 25 दिसम्बर, 2020 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस पर राज्य स्तरीय, विभाग स्तरीय व जिला स्तरीय कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन–तीन अवार्ड क्रमशः प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय दिये जाएंगे, जिसका मापदण्ड/पैमाना व शर्तें हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित की जानी हैं। सम्मानित किये जाने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों के नाम की सिफारिश भी राज्य स्तर, विभाग स्तर व जिले में उपायुक्त स्तर पर गठित कमेटी द्वारा की जाएगी।

2. सभी विभागाध्यक्ष, प्रबन्ध निदेशक, मुख्य प्रशासक, जिला उपायुक्त के कार्यालय अपने से सम्बन्धित मापदण्ड/पैमाना व शर्तें (पैरामीटरस) एन0आई0सी0 द्वारा **"सुशासन संकल्प वर्ष 2020"** के पोर्टल जोकि निकट भविष्य में तैयार कर दिया जाएगा पर सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारीयों/अधिकारियों की कार्य उपलब्धि व उसकी सफलता की कहानी का पूर्ण

विवरण एंव प्राप्त उच्चतम स्कोर को भी प्रोर्टल पर उसकी फोटो सहित अपलोड करेगें ताकि सरहानीय कार्य करने वाले उत्कृष्ठ कर्मचारियों/अधिकारियों को अवार्ड देकर सम्मानित करने में पारदर्शिता अपनाई जा सके।

5. प्रत्येक अवार्ड प्राप्त करने वाले उत्कृष्ठ कर्मचारियों/अधिकारियों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रंशसा प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य वित्तीय लाभ आदि भी देकर सम्मानित किया जाएगा।

सन्तोष 23/1/2020
अवर सचिव,
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार,
प्रशासकीय सुधार विभाग।

पृ0 कमांक 4/1/2020–आर0यू0 दिनांक 22.01.2020

एक प्रति प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, सूचना एंव प्रौधोगिकी विभाग को **''सुशासन संकल्प वर्ष 2020''** का पोर्टल बनवाने तथा सभी विभागों/बोर्डों/निगमों/संगठनों/संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्रों के उद्यमों एंव जिला उपायुक्तों की वैबसाईट से लिंक करवाने एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

सन्तोष 23/1/2020
अवर सचिव,
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार,
प्रशासकीय सुधार विभाग।

प्रतिलिपि :

1. प्रधान सचिव/मुख्यमंत्री ।
2. निजी सचिव/मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।